कार्यालय अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्र सं0 : 570 / शैक्षिक / 2019–20 दिनांक: 01.10.2019 ~~30 / 09 / 2019~~

:: सूचना ::

शैक्षिक सत्र 2019–20 में उ0प्र0 शासन की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पूर्व में जारी सूचना सं0 381 / शैक्षिक / छात्रवृत्ति / 2019–20 दिनांक 09.08.2019 के क्रम में एतदद्वारा सूचित करना है कि छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10.10.2019 तक स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाइन सबमिटेड आवेदन का सुस्पष्ट प्रिन्टआउट निम्नलिखित अभिलेखों के साथ दिनांक 15.10.2019 तक छात्रवृत्ति पटल पर जमा करना अनिवार्य है।

(क) ऑनलाइन आवेदन का प्रिन्टआउट विभागाध्यक्ष द्वारा इस आशय से अग्रसारित किया जायेगा कि छात्र अपनी कक्षा में उपस्थित हो रहा है तथा उसकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम नहीं है।

(ख) आय प्रमाण पत्र एवं इन्टरनेट की छायाप्रति स्वहस्ताक्षरित।

(ग) जाति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं इन्टरनेट की छायाप्रति स्वहस्ताक्षरित।

(घ) शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी सभी अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।

(च) खोले गये बैंक खाता की पासबुक की सुपष्ट छायाप्रति।

(छ) समस्त जमा शुल्क की रसीद की छायाप्रति।

(ज) पंजीयन कार्ड (आर0सी0) की छायाप्रति। नवप्रवेशित छात्र एलाटमेंट लेटर की प्रति भी संलग्न करें।

(झ) छात्र और उसके पिता / माता अथवा विधिक अभिभावक द्वारा रू0 10 / – के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अलग–अलग शपथ पत्र। (संलग्न नमूने के अनुरूप होना चाहिये)

छात्रवृत्ति के लिये आवेदन के इच्छुक सभी छात्रों से अपेक्षा है कि शासन द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि के सन्निकट आने की प्रतीक्षा करने के बजाय यथाशीघ्र अपना आवेदन प्रस्तुत करें।

(रजनी विष्ट)
सह अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप

प्रतिलिपि : निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ कि उपरोक्त सूचना को सभी छात्रावासों के सूचना पटों पर प्रदर्शित कराने हेतु सम्बन्धित वार्डेन्स को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ कि सूचना को अपने विभाग के सूचना पट पर प्रदर्शित कराते हेतु छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन प्रपत्र पर उनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम नहीं होने को प्रमाणित करने का कष्ट करें।
3. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लगाने हेतु।

(रजनी विष्ट)
सह अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप

Scanned by CamScanner